बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

का0आ0सं0–मु0अ0(नि0 एवं गु0) विविध–06–68/2024 - 59 पटना, दिनांक– 24/10/2024

कार्यालय आदेश

ग्रामीण कार्य विभाग अन्तर्गत बाहयस्रोत के माध्यम से प्राप्त तकनीकी पर्यवेक्षकों को ग्रामीण कार्य विभाग के कार्य प्रमंडलों के विभिन्न प्रशाखाओं में पदस्थापन किया गया है। पूर्णतः आउटसोर्सिंग के आधार पर सेवा प्राप्त तकनीकी पर्यवेक्षकों की मानव बल के रूप में सेवा लेने की शर्तें एवं अवधि सर्विस प्रोवाईडर एजेन्सी एवं विभाग के बीच किये गये एकरारनामा के अधीन क्रियान्वित होगी। Expression of interest-cum-request for proposal के साथ संलग्न Enclosure-5 में तकनीकी पर्यवेक्षकों के दायित्वों का विस्तृत वर्णन उल्लेखित है। तकनीकी पर्यवक्षकों के दायित्वों से संबंधित Enclosure-5 की कंडिका–6 एवं कंडिका–7 जो कि कार्यों के मापी से संबंधित है, का अनुपालन निम्न रूप से कराया जाय –

(i) कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल योजनावार Record Entry Notebook सभी संबंधित सहायक अभियंता को निर्गत करेंगे, जिनके अधीन तकनीकी पर्यवेक्षक पदस्थापित है।

(ii) सहायक अभियंता अपने क्षेत्राधीन प्रशाखा में पदस्थापित तकनीकी पर्यवेक्षक को Record Entry Notebook Reissue करेंगे।

(iii) Record Entry Notebook का संधारण Measurement Book के सदृश संबंधित कार्य प्रमंडल द्वारा किया जायेगा।

(iv) तकनीकी पर्यवेक्षकों द्वारा निर्माणाधीन कार्यों से संबंधित मापी की प्रविष्टि Record Entry Notebook में की जायेगी।

(v) Record Entry Notebook में अंकित मापी का कार्य स्थल से शत प्रतिशत सत्यापन संबंधित कार्य अवर प्रमंडल के सहायक अभियंता द्वारा की जायेगी।

(vi) Record Entry Notebook में अंकित मापी से संतुष्ट होने के उपरान्त सहायक अभियंता मापी पुस्तिका में मापी अंकित करेंगे।

(vii) यदि तकनीकी पर्यवेक्षक द्वारा Record Entry Notebook में मापी की प्रविष्टि में किसी भी प्रकार की अनियमितता प्रमाणित होती है अथवा वरीय पदाधिकारी द्वारा दिये गये निदेश का उलंघन पाया जाता है तो उनके विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जाये।

(viii) Record Entry Notebook का Standard प्रपत्र इस कार्यालय आदेश के साथ संलग्न है।

ह0/- 24/10/24

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–मु0अ0(नि0 एवं गु0) विविध–06–68/2024 - 3313 /पटना, दिनांक– 24/10/2024

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता/उप सचिव/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी तकनीकी पर्यवेक्षक/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 24/10/24

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयक्त–सह–विशेष सचिव